बिहार में जन जातियों के लोगों की हत्यायें

2444. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अब तक बिहार में कैमूर पहाड़ियों में जन-जातियों के लागभग 400 व्यक्ति मार दिए गए हैं ; और

(ख) इस क्षेत्र में ऐसी हत्याओं को रोकने के लिए केन्द्रीय सरकार ने क्या कार्यवाई की है ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री गिरधर गोमांगो) : (क) ऐसी कोई सूचना नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

2445. [*Transferred to the 4th December*, 1986].

हरिजनों की हत्यायें

2446. **श्री शरद यादव**: क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17-9-1986 के जनसत्ता (दिल्ली संस्करण) में "हरिजन मारे गए, पर सरकार की खुमारी नहीं उत्तरी" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित और इस आशय के समाचार की ओर दिलाया गया है कि गांव जारी, कटक, उड़ीसा में 12 सितम्बर, 1986 को मारे गए कुल व्यक्तियों में तीन हरिजन थे और घायल हुए व्यक्तियों में से तीन-चौथाई हरिजन थे और जला कर राख किए गए 224 मकानों में से 219 मकान हरिजनों के थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने मारे गए व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा दिया है तथा उन्हें मुआवजे की कितनी राशि दी गई ;

(ग) क्या सरकार ने उनके परिवारों के पुनर्वास हेतु कोई व्यवस्था की है और उनमें आत्म विश्वास जाग्रत करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है : और

(घ) क्या दोषी व्यक्तियों को दंडित किया गया है ?

कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री गिरधर गोमांगो) : (क) जी, हाँ।

(ख) और (ग) जारी गांव में घटना होने के तुरन्त बाद घायल हुए व्यक्तियों के उपचार के लिए मुख्य मंत्री मंत्री राहत कोष से 19,800 रु. का नकद अनुदान स्वीकृत किया गया था। अनुसूचित जाति के मृतक व्यक्तियों के प्रत्येक परिवार को 10,000 रु. की अनुग्रह राशि दी गई है। अनुसूचित जाति के प्रत्येक घायल व्यक्ति को 1000 रुपये की सहायता दी गई है। प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को कुल 3,65,315 रुपये तक का अग्नि-राहत अनुदान दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों के वितरण के लिए प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में से 1.33 लाख रुपये भी स्वीकृत किये गए हैं। उड़ीसा की राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों के पुर्नवास का कार्य अपने हाथ में ले लिया है। राज्य के मुख्य और केन्द्रीय मंत्री कल्याण मंत्री एवं कल्याण उप मंत्री ने लोगों में पुनः विश्वास लाने के लिए जारी गांव का दौरा किया था।

(घ) इस संबंध में 47 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

पिछड़े वर्गों को आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई

2447. **श्री रामसिंहभाई पातलीयाभाई राठवा** : क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को किसी से इस आशय की कोई शिकायत मिली है कि गुजरात, जम्मू और कश्मीर, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, पूर्वोत्तर क्षेत्र और देश के अन्य सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले गरीब आदिवासियों, पिछड़े वर्ग के लोगों और अन्य लोगों को पैकेज वाली वस्तुएं उन पर अंकित मूल्य पर नहीं मिलती हैं ;